अग्रवाल महाविद्यालय में सेवा भारती संस्थान के सहयोग से चलाए जा रहे टैली कोर्स का समापन समारोह

आज दिनांक 30-8-2022 को अग्रवाल महाविद्यालय बल्लभगढ़ में विगत 4 महीनों से सेवा भारती संस्थान के सहयोग से चलाए जा रहे टैली कोर्स का समापन समारोह मनाया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. कृष्ण कांत गुप्ता मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे और सेवा भारतीय संस्थान से श्रीमान तरुण कुमार शर्मा जी, श्री के.के. अग्रवाल जी, और बी.एड कॉलेज के प्राचार्य सुबेश पांडे और प्रशिक्षक सी.ए शिवकुमार शर्मा उपस्थित रहे।

प्राचार्य महोदय ने अपने संभाषण में विद्यार्थियों को इस कोर्स को पूर्ण करने के लिए बहुत-बहुत बधाई दी और सेवा भारती संस्थान का आभार व्यक्त किया जिन्होंने अग्रवाल महाविद्यालय को इसे नि:शुल्क चलाने का अवसर प्रदान किया उन्होंने विद्यार्थियों को इस कोर्स का महत्व बताते हुए कहा कि यह कोर्स उनके लिए भविष्य में रोजगार दिलवाने में कारगर साबित होगा। प्राचार्य महोदय ने यह भी बताया कि टैली सर्टिफाइड कोर्स महाविद्यालय में पहली बार चलाया गया है जिसमें पहले बैच में 30 विद्यार्थियों को पंजीकृत किया गया। इस कोर्स में प्रशिक्षक सी.ए शिव कुमार शर्मा जी के योगदान के लिए भी प्राचार्य महोदय ने उनका धन्यवाद किया और भविष्य में भी अपनी सेवाएं देने के लिए आग्रह किया। शिवकुमार जी ने आर्थिक रूप से कमजोर 5 विद्यार्थियों को चार्टर्ड अकाउंटेंसी कोर्स करवाने के लिए छात्रवृत्ति की घोषणा की। इस कोर्स की समन्वयक डॉ. शोभना गोयल और डॉ.दीप्ति गोयल के प्रयासों से इस कोर्स को सफलतापूर्वक चलाया गया। इस अवसर पर डॉ. रेखा सेन,श्रीमती पूजा और कंप्यूटर विभाग से डॉ.निधि शर्मा भी उपस्थित रहे।